### एक नजर में

## रोहित शर्मा सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया पर

इंदौर. सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया देशभर के दर्शकों के लिए वर्ल्ड कप विजेता कप्तान रोहित शर्मा को लेकर आ रहा है. उनके बहुप्रतीक्षित एंटरटेनमेंट डेब्यू की झलक देते हुए सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया ने एक रोमांचक टीज़र लॉन्च किया है, जिसने फैन्स के बीच उत्सुकता और चर्चा का माहौल बना दिया है. टीज़र में दिखाया गया है कि फैन्स रोहित के चारों ओर उमड़ पड़े हैं और उनसे उनकी मशहूर लाइन कोई भी गार्डन में नहीं घूमेगा दोहराने की गुज़ारिश कर रहे हैं. यह मज़ेदार अंदाज़ उस पल को याद दिलाता है जब मैदान पर कही गई एक सहज टिप्पणी पॉप-कल्चर का वायरल मोमेंट बन गई थी. टीज़र में इस डायलॉग के इर्द-गिर्द बनी दीवानगी को ह्यूमर के साथ दिखाया गया है. इस जबरदस्त क्रेज़ पर रोहित हंसते हुए कहते हैं, दो लाइन क्या बोल दी, इतना वायरल हो गयाज जब मेरा पूरा शो आएगा तो क्या होगा? दर्शक सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न और सोनी लिव पर जल्द ही एक ऐसा एंटरटेनमेंट स्पेक्टेकल देखने वाले हैं, जैसा पहले कभी नहीं देखा गया.

## एमेजॉन आश्रय केंद्रों की संख्या 250 तक ले जाया जाएगा

इंदौर. एमेज़ॉन इंडिया ने साल 2026 के अंत तक अपने आश्रय केंद्रों की संख्या 250 तक ले जाने की अपनी योजना के बारे में बताया, जिससे दिल्ली एनसीआर, मुंबई, बैंगलुरु, चेन्नई और देश के अन्य शहरों में मौजूदा 100 आश्रय केंद्रों का नेटवर्क बढ़कर और अधिक मजबूत हो जाएगा. इसी विस्तार के अंतर्गत मई के अंत तक 50 नए आश्रय केंद्र शुरू किए जाएंगे. सलीम आर मेमन, डायरेक्टर ऑपरेशंस, एमेज़ॉन इंडिया ने कहा हमारे ऑपरेशन नेटवर्क में अपने डिलीवरी एसोसिएट्स की सेहत, स्वास्थ्य और सुरक्षा हमारे लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण है. हमने आश्रय की शुरुआत एक सामान्य से विचार के साथ की थी कि हर डिलीवरी ड्राइवर, चाहे वह एमेज़ॉन से जुड़ा हो या नहीं, को काम करने के दौरान आराम करने का साफ और ठंडा स्थान मिलना चाहिए. अपने आश्रय केंद्रों की संख्या को बढ़ाकर 250 तक ले जाने और अपनी मोबाईल यूनिट्स द्वारा डिलीवरी ड्राईवर्स के पास पहुँचकर उन्हें ये सुविधाएं प्रदान करने से हमारी यह प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है.

## अमेजन बाजार पर 299 रुपए से कम में ट्रेंडी प्रोडक्ट्स

इंदौर. गर्मियों का मौसम आ चुका है और साथ ही बचत के स्मार्ट तरीके भी। अमेजन ग्रेट समर सेल 2026 के दौरान अमेजन बाजार ग्राहकों के लिए बेहद किफायती और ट्रेंडिंग प्रोडक्ट्स की शानदार रेंज लेकर आया है, जिससे ग्राहक अपने बजट पर अतिरिक्त बोझ डाले बिना अपनी वॉर्डरोब को नया लुक दे सकते हैं और घर को अपग्रेड कर सकते हैं. इस अमेजन ग्रेट समर सेल में ग्राहकों को 500 रुपये तक का कैशबैक और पहले ऑर्डर पर फ्लैट 50त्न कैशबैक मिलेगा. इसके साथ ग्राहक फैशन, इलेक्ट्रॉनिक एक्सेसरीज, होम और किचन कैटेगरी में ज्यादा बचत और आसानी के साथ खरीदारी कर सकेंगे. रफस, लेंस एआई, रिव्यू हाइलाइट्स और प्राइस हिस्ट्री जैसे एआई टूल्स ग्राहकों को सही समर प्रोडक्ट्स खोजने और भरोसे के साथ खरीदारी करन में मदद करेंगे.

## ग्रेट समर सेल में रोजमर्रा के सामान पर शानदार बचत

इंदौर. गर्मियों का मौसम आ चुका है और इसके साथ सीजन के सबसे बड़े ऑफर्स भी शुरू हो गए हैं. अमेजन इंडिया की ग्रेट समर सेल 2026 आपके लिए एक ऐसा वन-स्टॉप डेस्टिनेशन है, जहां आप अपनी हर जरूरत का सामान खरीद सकते हैं, चाहे ठंडे पेय पदार्थों से गर्मी से राहत पाना हो, किचन के लिए जरूरी सामान स्टॉक करना हो या फिर अपने परिवार और पालतू जानवरों के लिए हेल्दी और पौष्टिक उत्पाद खरीदना हो. 'एवरीडे एसेंशियल्स' के विशेष समर स्टोर में कई श्रेणियों पर शानदार ऑफर्स मिल रहे हैं। ग्राहकों को गॉरमेट ग्रॉसरी, बेबी केयर, पेट केयर और हेल्थ एवं पर्सनल केयर उत्पादों पर 50त्न तक की छूट दी जा रही है. अमेजन फ्रेश पर फलों, सब्जियों और रोजमर्रा की जरूरी राशन सामग्री की विस्तृत रेंज पर 40% तक की छूट दी जा रही है, जो सीधे आपके घर तक पहुंचाई जाएगी.

## सेमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो का पांचवां एडिशन घोषित

इंदौर. सेमसंग ने 'सेमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो' के पांचवें संस्करण की शुरुआत करने की घोषणा की. यह कंपनी का प्रमुख इनोवेशन और शिक्षा कार्यक्रम है, जिसे भारत की अगली पीढ़ी के युवा इनोवेटर्स को वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के लिए टेक्नोलॉजी आधारित समाधान तैयार करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है. भारत में अपने 30 वर्ष पूरे होने के मौके पर सेमसंग इस कार्यक्रम के दायरे और प्रभाव को और बड़ा बना रहा है. इसके जरिए कंपनी भारत के इनोवेशन इकोसिस्टम और डिटिजल इंडिया के विज़न के प्रति अपनी लंबे समय की प्रतिबद्धता को और मजबूत कर रही है. इसी दिशा में, 2026 के संस्करण में शीर्ष चार विजेता टीमों को 2 करोड़ रुपये का इन्क्यूबेशन ग्रांट दिया जाएगा, ताकि वे आईआईटी दिल्ली में इन्क्यूबेशन सहायता के माध्यम से अपने आइडिया को और बेहतर बना सकें और बड़े स्तर पर लागू कर सकें। इसके अलावा, शीर्ष 20 टीमों को 20 लाख रुपये और शीर्ष 40 टीमों को 8 लाख रुपये के साथ सेमसंग डिवाइस और मेंटरशिप सहायता भी दी जाएगी.

# किसानों को सीधे ग्राहकों से जोड़ते हैं जत्रा जैसे आयोजन : डॉ. यादव

- मुख्यमंत्री ने मैंगो जत्रा में हापुस आमों की प्रदर्शनी को सराहा
- 24 आम उत्पादक किसानों को 11-11 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा

**इंदौर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज ग्रामीण हाट बाजार परिसर में मराठी सोशल ग्रुप द्वारा आयोजित तीन दिवसीय मैंगो जत्रा में शामिल हुए. 10 मई तक आयोजित इस विशेष आयोजन में महाराष्ट्र के रत्नागिरी और देवगढ़ के प्रसिद्ध हापुस आमों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की जा रही है. मुख्यमंत्री डॉ. ने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया और आम उत्पादक किसानों से संवाद कर उनके प्रयासों की सराहना की. साथ ही उन्होंने आमों की विशेषताओं के बारे में जाना.**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार इस वर्ष किसान कल्याण वर्ष मना रही है. उन्होंने कहा कि देवगढ़ और रत्नागिरी के हापुस आम, जिसकी देशभर में धाक और साख है, उनका माँ अहिल्या की नगरी इंदौर में मालवा के बाजार तक पहुंचना आंतरिक एकात्मता का भी प्रतीक है. इस प्रकार के आयोजन किसानों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ने का सशक्त माध्यम बन रहे हैं. इससे किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य मिलता है तथा ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण और ताजे उत्पाद उपलब्ध होते हैं. मुख्यमंत्री मोहन यादव का स्वागत मराठी सोशल ग्रुप के अध्यक्ष सुधीर दांडेकर, सचिव तृप्ति महाजन और राजेश शाह ने किया. इस अवसर पर पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, विधायक गोलू शुक्ला, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर शिवम वर्मा, सहित बड़ी संख्या में किसान एवं उद्यमी मौजूद थे.

### आम उत्पादकों से की चर्चा

मैंगो जत्रा में 24 किसानों द्वारा अपने हापुस आम के स्टॉल लगाए गए हैं. उन्होंने आम उत्पादक किसानों से संवाद किया और आम उत्पादन एवं विपणन के संबंध में जानकारी ली. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रत्नागिरी के आम उत्पादक किसान दिनेश देसाई, सुनील सुर्वे, मयूर देवाई तथा देवगढ़ के मनोहर पुजारी, तेजस मुलम सहित अन्य किसानों से चर्चा की. मुख्यमंत्री ने 24 आम उत्पादक किसानों को 11-11 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की. किसानों ने बताया कि वे पिछले लगभग 15 वर्षों से मैंगो जत्रा में आम लेकर आ रहे हैं.



## एबीवीपी का उड़ान मेधावी सम्मान समारोह

नवभारत न्यूज़

इंदौर. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नवलखा जिले द्वारा 'उड़ान' मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया. समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में धनंजय शाह, उद्योगपति अनिल जोशी एवं मालवा प्रांत अध्यक्ष डॉ. सौरभ पारीख उपस्थित रहे. वहीं नवलखा जिला संयोजक योग शर्मा तथा प्रांत कार्यकारिणी सदस्य पायस जायसवाल की विशेष उपस्थिति रही. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीआईडी पुलिस महानिरीक्षक धनंजय शाह ने कहा कि आज के विद्यार्थी ही राष्ट्र का भविष्य हैं. उन्होंने शिक्षा के साथ संस्कार एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को भी आवश्यक बताया. उद्योगपति अनिल जोशी ने भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों को संरक्षित रखने पर बल देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के साथ अपनी सांस्कृतिक जड़ों से भी जुड़े रहना चाहिए. भारतीय संस्कृति हमारी सबसे बड़ी पहचान है और युवाओं को इसे आगे बढ़ाने का कार्य करना चाहिए. मालवा प्रांत अध्यक्ष डॉ. सौरभ पारीख ने कहा कि आज का युवा केवल नौकरी पाने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनने का संकल्प लें. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे. इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया.

# निगम परिषद भवन देखकर चौंके हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष

- इंदौर के विकास कार्यों और स्वच्छता मॉडल का देखा प्रेजेंटेशन

नव भारत न्यूज

**इंदौर. आज नगर निगम का अटल परिषद हॉल देखकर हरियाणा के विधानसभा अध्यक्ष चौंक गए. उनके मुंह से सहसा निकल गया, मुझे ऐसा लग रहा है कि मैं हरियाणा विधानसभा भवन में हूं. इसके बाद उन्होंने नगर निगम के स्वच्छता मॉडल का प्रेजेंटेशन देखा.**



आज हरियाणा के विधानसभा सभापति हरविंदर कल्याण शहर के दौरे पर आए. इस दौरान उन्होंने नगर प निगम का अटल परिषद सदन का अवलोकन किया. साथ ही इंदौर में स्वच्छता को लेकर किए जा रहे नवाचार विकास कार्यों का प्रेजेंटेशन देखा. हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने इंदौर को स्वच्छता, सुशासन और सशक्त शहरी प्रशासन का राष्ट्रीय मॉडल बताया. उन्होंने कहा कि इंदौर में परिषद हॉल देखकर अपने राज्य की विधानसभा जैसा अनुभव हुआ है. उन्होंने महापौर पुष्यमित्र भार्गव की तारीफ करते हुए कहा कि भार्गव अत्यंत ऊर्जावान और दूरदर्शी जनप्रतिनिधि है. उन्होंने कहा कि मजबूत शहरी स्थानीय निकाय ही जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान कर सकते हैं. इंदौर इसका उत्कृष्ट उदाहरण है. इस अवसर पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, आयुक्त क्षितिज सिंघल, एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौर, अश्विनी शुक्ल, राजेश उदावत, नंदकिशोर पहाड़िया, अभिषेक शर्मा, सचेतक कमल वाघेला, पार्षद पंखुड़ी डोसी, संध्या यादव, योगेश गेंदर सहित कई पार्षद एवं निगम अधिकारी उपस्थित थे.

### केंद्रीय मंत्री को सौंपेंगे रिपोर्ट

हरविंदर कल्याण ने बताया कि वे इंदौर के अनुभवों और यहां की व्यवस्थाओं पर विस्तृत रिपोर्ट केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर को सौंपेंगे, ताकि इंदौर मॉडल को देश के अन्य शहरों में भी लागू किया जा सके.

# मांगलिया में बिजली सिस्टम अपग्रेड, दोहरी लाइन से बढ़ेगी सप्लाई की स्थिरता

- 25 कॉलोनियों की बिजली व्यवस्था होगी मजबूत, आरडीएसएस के तहत बड़ा प्रोजेक्ट शुरू

नवभारत न्यूज

**इंदौर. रिवेम्प्ड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम के अंतर्गत मांगलिया-महालक्ष्मी बिजली जोन क्षेत्र की 25 कॉलोनियों के लिए बिजली आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा रहा है. इस क्षेत्र में अब दोहरी 33 केवी उच्चदाब बिजली लाइन स्थापित की जा रही है, जिससे लगातार और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी.**



मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के शहर वृत्त अधीक्षण अभियंता डी.के. गाठे ने बताया कि मांगलिया अर्बन बिजली जोन और महालक्ष्मी बिजली जोन क्षेत्र में यह कार्य कराया जा रहा है. इस परियोजना के तहत मांगलियाङ्कसांवेर रोड से कैलोद हाला तक लगभग 6 किलोमीटर लंबी नई 33 केवी उच्चदाब लाइन बिछाई जा रही है. वर्तमान में इस क्षेत्र में केवल एक ही 33 केवी लाइन उपलब्ध थी, जिसके कारण तकनीकी खराबी आने पर कई बार क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती थी. नई दोहरी लाइन स्थापित होने के बाद इस पूरे क्षेत्र को 220 केवी ग्रिड जैतपुरा और 220 केवी मांगलिया ग्रिड से अलग-अलग 33 केवी फीडर लाइनों के माध्यम से बेहतर सप्लाई मिल सकेगी. इससे बिजली कटौती की समस्या में काफी कमी आने की उम्मीद है. कृषि उपज मंडी के पास पोल लगाने का कार्य शुक्रवार से शुरू कर दिया गया है. अधिकारियों के अनुसार, इस पूरी परियोजना को लगभग दो सप्ताह में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए आवश्यक कर्मियों की तैनाती कर दी गई है.











